## खबर संक्षेप

### दो शिक्षकों की सड़क हादसे में मौत

**मण्डला।** हाईवे मार्ग में मौत का सफर थमने का नाम नहीं ले रहा है। रोजाना हादसे हो रहे है। जिसमें असमय लोग काल के गाल में समा रहे है। नेशनल हाईवे 30 में तेज रफ्तार में भागते वाहनों की लापरवाही से पैदल राहगीर, दोपहिया वाहन चाल समेत अन्य चपेट में आ रहे है। बेलगाम वाहनों की रफ्तार पर लगाम नहीं लग पा रहा है। यदि जल्द ही इन बेलगाम वाहनों की रफ्तार पर लगाम नहीं कसी गई तो मौत का तांडव ऐसे ही जारी रहेगा। नेशनल हाईवे-30 में बिछिया थाना के अंतर्गत शनिवार की शाम को अंजनिया से कुछ दूरी पर औरई चकलाहा गांव में बाइक सवार दो युवक दुर्घटना का शिकार हो गए। जिसमें दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। ये दोनों मवई के मॉडल स्कूल में अतिथि शिक्षक थे। जानकारी अनुसार मवई के मॉडल स्कूल में पदस्थ संदीप यादव निवासी अंजनिया और राजमनी झारिया ग्राम जगनाथर ये दोनों स्कूल से शनिवार की रात अपने घर बाइक क्रमांक एमपी 51 एम बी 8731 से लौट रहे थे, इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने युवकों की बाईक को टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार गंभीर घायल हो गए और दोनो युवकों की मौत हो गई।

### पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए शिविर आज

**मण्डला।** लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु 29 जनवरी से 5 फरवरी 2024 तक जिला पेंशन कार्यालय मंडला में पेंशन शिविर का आयोजन किया गया है। सभी कार्यालयों को निर्देशित किया गया है कि शिविर में अपने कार्यालय में नवम्बर 2023 तक के लंबित प्रकरण प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करें।

## काम दिलाने के नाम पर अपने जाल में फंसाया

# 8 बालिकाओं को बेचे जाने का आरोप

*** 5 बालिकाओं को पुलिस ने छुड़ाया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



आदिवासी बाहुल्य जिला मण्डला जहां पर बैगा जनजाति के भी निवास करते हैं राजनैतिक परिदृश्य से देखा जाये तो इस जिले में सरपंच से लेकर सांसद तक सभी आदिवासी वर्ग से ही चुनकर आते हैं बावजूद इसके यहां की बेटियों को काम का लालच देकर यदि देश के दूसरे प्रदेशों में बेचे जाने की खबरें आती हैं तो यह बड़े दुर्भाग्य की बात है।

एक ओर तो प्रत्येक पंचायतों से लेकर जनपद और जिला पंचायतों के माध्यम से विकास के विभिन्न कार्य कराये जा रहे हैं जो रोजगार मूलक होते हैं इसके अलावा केन्द्र एं राज्य शासन की अनेकों ऐसी योजनायें है जिनके माध्यम से घर बैठे ही रोजगार प्राप्त किया जा सकता है स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक स्थिति बेहतर हो रही है फिर क्या कारण है कि यहां की बेटियों को काम के बहाने ले जाकर बाहर बेचने की खबरे मिल रही हैं। आखिर वे कौन से ऐसे काम हैं जिनका लालच इन बालिकाओं को दिया जाता है ये कौन सा माफिया है जो आसानी से इन बेटियों को और इनके पालकों को अच्छे भविष्य का झांसा देकर इनका जीवन नर्क में ढकेल रहा है। अब तो इन सब पर कड़ाई से रोक लगाना हम सबकी जिम्मेदारी बनती है हाल ही में केबिनेट मंत्री बनी सम्पतिया उइके से यही उम्मीद की जाती है कि अब यह प्रथा बंद होनी चाहिये।

जिले की आठ बालिकाओं को जिले से बाहर अन्य प्रदेश में अच्छा काम दिलाने का झांसा देकर बेच दिया गया। जिसकी शिकायत थाना महिला पुलिस मंडला में की गई। इन्हीं आठ बालिकाओं में एक बालिका ने मंडला महिला थाने में शिकायत की। शिकायत में बताया कि आरोपियों द्वारा आवेदिका को मजदूरी कराने के बहाने मंडला बुलाकर परिवार वालो को सूचना दिये बिना आगरा (उप्र) ले जाकर किसी सोनू खान को बेच दिया गया।

आवेदिका ने बताया की धर्मेन्द्र और महिला आरेपिया व्दारा काम का लालच देकर मुझे एवं अन्य लड़कियो को भी ले जाने व आगरा में सोनू खान को पैसे में बेच देने के संबंध मे बताते हुए अपनी आपबीति भी की जानकारी महिला अधीकारी को थाने में दी। प्रथम दृष्टयता मामला संज्ञेय गंभीर प्रकृति की प्राप्त होने पर महिला थाना मंडला में उक्त रिपोर्ट पर तत्काल महिला थाना मंडला में उक्त रिपोर्ट पर तत्काल अपराध क्रमांक 04/2024 धारा 363, 366 ए, 376, 365, 370, 506, 34 ताहि 3/4 पॉक्सो एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में आये तथ्यों के अनुसार आरोपिया और धर्मेन्द्र कुमार सोनवानी के द्वारा मंडला से लड़कियों को बहला फुसलाकर और पैसो का लालच देकर एवं मंडला ले जाने का झांसा देकर उनके माता-पिता को बिना बताये पाँच-पाँच हजार रुपये में आगरा ले जाकर सोनू खान को बेच देते है।

विवेचना दौरान मुखबिर की सूचना पर उक्त प्रकरण की आरोपियां को लाल बहादूर शास्त्री वार्ड मंडला से गिरफ्तार किया गया था जिसने पूछताछ में आरोपी धर्मेन्द्र कुमार सोनवानी और सोनू खान के द्वारा लड़किया बेचने के संबंध में बताया। प्रकरण में एक महिला आरोपियां जो मंडला जिले के थाना मोहगांव क्षेत्र की रहने वाली हैं, ने मंडला की चार अन्य लडकियों को पाँच हजार रुपये में सोनू खान को बेचना स्वीकार किया। आरोपियां के बताये अनुसार दिनांक 17.1.24 को आरोपी धर्मेन्द्र कुमार सोनवानी और सोनू खान की पता तलाश कर गिरफ्तारी हेतु आगरा टीम रवाना की गयी। दिनांक 18.1.24 को आगरा गई मंडला की पुलिस टीम के द्वारा आरोपी सोनू खान को उसके निवास स्थान वायु विहार कालौनी शाहगंज आगरा से गिरफ्तार किया गया एवं प्रकरण में मुखबिर की सूचना पर आरोपी धर्मेन्द्र कुमार सोनवानी को मंडला से गिरफ्तार किया गया।

आरोपी धर्मेन्द्र कुमार सोनवानी और सोनू खान को माननीय न्यायालय मंडला में पेश किया गया एवं पुछताछ हेतु 05 दिन का पुलिस रिमाण्ड लिया गया। पुलिस की पुछताछ में आरोपी धर्मेन्द्र कुमार सोनवानी ने अलग अलग गावों की 04 लडकियों को सोनु खान को पाँच हजार रुपये में बेचना स्वीकार किया। इसी प्रकार आरोपी सोनू खान द्वारा मंडला निवासी महिला आरोपिया और आरोपी धर्मेन्द्र सोनवानी के द्वारा सोनू खान को बेची गई लड़कियों को आगरा शहर में अलग-अलग लोंगो के यहां झाड़ू पोछा, बर्तन एवं बच्चे देखने के कामो में लगाया जाना बताया। जिसके बदले में आरोपी सोनू खान को एक लड़की का प्रतिमाह 02 से 03 हजार रुपये प्राप्त होते थे। आरोपियों से पुछताछ में प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस की टीम को आगरा रवाना किया गया। आगरा गई टीम के द्वारा बतायी गयी बालिकाओ को जो आगरा में अलग-अलग लोगों के यहाँ घरों में झाड़ू, पोछा, बर्तन एवं बच्चे देखने के कामो में लगायी गई थी टीम के द्वारा उन्हें सुरक्षित वापस लाया गया। इस प्रकार मंडला पुलिस द्वारा प्रकरण में आरोपियों द्वारा बतायें गये सभी 08 बालिकाओं जिनमें प्रर्थिया (02) भी शामिल है की तस्दीक की गई एवं आगरा से 05 को सकूशल दस्ताब कर परिजनो के सुपुर्द किया गया।

## ग्राम स्वराज मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष का मण्डला आगमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

रेवांचल भाग महाकौशल संभाग अंचल मण्डला में ग्राम स्वराज मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन का आकस्मिक प्रवास हुआ छत्तीसगढ़ से जबलपुर जाते समय थोड़े समय के लिये श्री जैन अंचल कार्यालय मण्डला पहुंचे जहां पर एक संक्षिप्त बैठक अंचल समिति एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ हुई। इस बैठक में संभाग अभियान प्रमुख वीरेंद्र बेंद्रे भाग अभियान प्रमुख संतोष यादव अंचल समिति अध्यक्ष आनंद सोनी अंचल समिति सचिव प्रदीप सिंह अंचल ग्राम स्वराज मंच युवा प्रभारी आशीष पटेल अरविंद तिवारी प्रांतसह धर्म प्रसार प्रमुख द्वारिका प्रसाद मिश्रा विभाग संगठन मंत्री श्रवण पटेल लोकसभा प्रभारी मंडला आशीष झारिया युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मंडला मोहन शाह युवा मोर्चा मंत्री मंडल निलेश शुक्ला अध्यक्ष ग्रामीण मंडल मंडला युवा मोर्चा श्रीमती प्रिया धुर्वे अंचल महिला समिति अध्यक्ष अंचल मंडला सुश्री अनामिका बैरागी हरि कथा अध्यक्ष मंडला श्रीमती सुनीता सोनी अंचल महिला समिति सक्रिय सदस्य सुश्री द्रोपती अप्पू यादव सक्रिय महिला समिति सदस्य तथा अंचल टोली संजय मरावी अंचल अभियान प्रमुख अंचल मंडला मानक लाल मार्को प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षण प्रमुख सुश्री बैसाखी सहचरी अंचल व्यास मंडला नंदकिशोर यादव कार्यालय प्रमुख मंडला अरविंद यादव सह कार्यालय प्रमुख आदि कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

बैठक में मुख्य रूप से जिलों की समिति एवं कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा की गई।



# मुस्कान पुनर्वास केंद्र में बच्चों से मिले पुलिस अधीक्षक द्वय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने मुस्कान पुनर्वास केंद्र का भ्रमण कर संस्था संचालकों से वहां की गतिविधियों की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक सपरिवार मुस्कान पुनर्वास केंद्र पहुंचे थे। उनके साथ उनकी पत्नी व उमरिया पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू भी साथ थी। उन्होंने मुस्कान वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष अधिवक्ता मनोज फागवानी, सचिव डॉ. अंकित पटेल, संयुक्त सचिव डॉ. राशि पटेल से संस्था में विशेष बच्चों को दी जा रही ट्रेनिंग की जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि यहाँ स्पेशल बच्चों के लिए थेरेपी होती है। इसमें फिजियोथेरेपी, स्पेशल एजुकेशन, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, सेंसर इंटीग्रेशन, इ बी ए थेरेपी शामिल है। उन्होंने बताया कि यह थेरेपी उन बच्चों की होती है जो चल नहीं सकते, बोल नहीं सकते। 5 फरवरी 2022 से शुरू हुए इस केंद्र में अभी 55 बच्चों के उपचार की क्षमता है। यदि इससे ज्यादा बच्चे होते हैं तो जो बच्चे आते नहीं है उनकी जगह नए बच्चों को टाइम स्लॉट अलॉट कर दिया जाता हैं।



मंडला पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा व उमरिया पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू ने वहां मौजूद बच्चों और अभिभावकों से चर्चा कर संस्था से जुड़े उनके संस्मरण सुने। इस दौरान उन्होंने स्पेशल क्लास में बच्चों को दी जा रही थेरेपी को भी देख ट्रेनर्स से विभिन्न थेरेपी के बारे में जानकारी हासिल की। उन्हें बताया गया कि यहां पर कुछ स्पेशल सेशन में अभिभावकों को भी बच्चों के साथ रखा जाता है ताकि बच्चों को दी जा रही ट्रेनिंग के बारे में अभिभावक भी अवगत हो और घर में वह इसका अभ्यास कर सकें, जिससे बेहतर परिणाम सामने आ सके। दोनों ने संस्था के विशेष बच्चों से आत्मीय मुलाकात कर संस्था के बेहतर कार्यों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही पुनीत कार्य है जो मुस्कान वेलफेयर सोसाइटी द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट मनोज फागवानी को संस्था के बेहतर संचालन के लिए बधाई दी और समय-समय पर लगातार संस्था आकर बच्चों से मुलाकात करने की इच्छा जाहिर की।

## उत्कृष्ट कार्यों पर थाना प्रभारी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह का आयोजन पुलिस लाईन मैदान में किया गया था यहां पर पुलिस विभाग के 72 पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट सेवा को लेकर सम्मानित किया गया है। इसी कड़ी में सिटी कोतवाली मण्डला में पदस्थ थाना प्रभारी शफीक खान को सम्मानित किया गया है। उन्हें कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतियां उईके ने प्रमाण से सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें बेहतर पुलिसिंग एवं सिटी कोतवाली अंतर्गत कानून व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए दिया गया है। इस दौरान डॉ. सलोनी सिडाना कलेक्टर मण्डला एवं पुलिस अधीक्षक मण्डला के साथ जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। सम्मान मिलने पर श्री खान ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर अभियान चलाते हुए कार्यवाहियां की जा रही हैं। वहीं उन्होंने इस सम्मान पर रजत सकलेचा पुलिस अधीक्षक मण्डला, अमित वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मण्डला एवं अर्चना अहीर अनुविभागीय पुलिस अधिकारी मण्डला का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मार्गदर्शन पर मण्डला पुलिस लगातार कार्य कर रही है।

**अवैध धंधा** | **प्रशासन की कार्यवाही होता देख रफू चक्कर हुए मुर्रम माफिया।**

# प्राथमिक स्कूल नए टोला में मुर्रम का अवैध उत्खनन

*** भूमि मालिक को किया गया गुमराह।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



नगर परिषद भुआबिछिया वार्ड क्रमांक 15 में नेशनल हाईवे 30 से सरही सड़क निर्माण कंपनी द्वारा नए टोला स्कूल के पीछे मुर्रम का अवैध उत्खनन किया जा रहा है जिसमें बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है साथ ही स्कूल भवन में भविष्य में दुर्घटना होने की भी संभावना बढ़ रही है आपको बता दें कि इसकी जानकारी पार्षद द्वारा स्थानीय पत्रकारों को दी गई इसके बाद शिकायत कलेक्टर एवं एसडीएम से की गई। कलेक्टर द्वारा जांच टीम बनाते हुए पटवारी को स्थल जांच पंचनामा बनाने एवं मौके स्थिति निरीक्षण करने का आदेश दिए इसके बाद पटवारी द्वारा स्थल जांच पंचनामा बनाया गया जिसमें बताया गया कि ग्राम भुआ रैयत पटवारी हल्का क्रमांक 44 वार्ड नंबर 15 राजस्व निरीक्षिक मंडल बिछिया जिला मण्डला अंतर्गत अनावेदक शिवकुमार पिता रमेश कुमार मरकाम निवासी लड़ाईया टोला द्वारा अपने निजी भूमि खसरा 199/3 रखवा 1.566 हेक्टेयर कृषि भूमि मद में दर्ज है जिसमें रकवा 54×20.5 = 1107 वर्ग मीटर गहराई 6 मीटर पर अनावेदक द्वारा बगैर अनुमति के मिट्टी एवं मुर्रम खुदाई कर लिया है उक्त मिट्टी एवं मोहर्रम को NH 30 मार्ग से नए टोला तक नव निर्माण मार्ग पर ले जाया गया है मिट्टी व मुर्रम जेसीबी एवं पोकलेन मशीन से खुदाई तथा डंपर वाहनों से धुलाई किया गया है जिस स्थान से मिट्टी मोहर्रम खुदाई की गई है उसी से लगी प्राथमिक शाला भवन संचालित है भविष्य में प्राथमिक शाला भवन क्षतिग्रस्त होने एवं स्कूल में पढ़ाई करने वाले छोटे-छोटे बच्चों को असमय दुर्घटना होने की संभावना है शिवकुमार द्वारा बतलाया गया कि उक्त मिट्टी मुर्रम एवं पोकलेन मशीन के प्रोजेक्ट मैनेजर राज नारायण शुक्ला जो की पंचनामा तैयार करते समय वाहन क्रमांक एमपी 34 जी 0817 से फरार हो गया। अतः स्थल जांच पंचनामा मौके पर जांच पश्चात तैयार कर हस्ताक्षर लिए गए हैं जिसमें वार्ड पार्षद नरेंद्र धुर्वे एवं अन्य स्थानीय लोगों द्वारा हस्ताक्षर किया गया है। उक्त जांच रिपोर्ट पटवारी द्वारा बनाई गई है आपको बता दें कि स्कूल से लगी जमीन में मुर्रम का अत्यधिक उत्खनन बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ है एवं उनकी जान को भी खतरे में डालना है ऐसे में प्रशासन द्वारा कठोर कार्यवाही ठेकेदार पर की जानी चाहिए जब इस मामले में जमीन मालिक से बात की गई तो उसने बताया कि मेरे द्वारा जमीन को खेती की लायक बनाने के लिए उन्हें अनुमति दी गई थी जिसका उन्होंने लिखा पड़ी भी करवाई है लेकिन मैं लड़िया टोला में रहता हूं रात में लगातार उनके द्वारा उत्खनन किया गया और इतनी खुदाई कर दी गई जिसके लिए मैं जिम्मेदार नहीं हूं इस बारे में जब स्थानीय लोगों से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि यह मुर्रम निर्माण कंपनी द्वारा खुदाई कर रोड में डाली गई है जिस पर प्रशासन को कार्रवाई करना चाहिए अब आगे देखना है कि प्रशासन क्या कार्यवाही करता है।



## चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**मण्डला।** ग्राम रेंगाझोरी निवासी जंतीबाई की 13 सितंबर 2023 को सर्पदंश से मुत्यु हो जाने के कारण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निवास द्वारा मृतक के निकटतम वारसान के रूप में पुत्र सुखदेव को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता की राशि स्वीकृत की गई है।

## जमठार में स्कूली बच्चों का अनुभूति कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




वन मंडल अधिकारी पश्चिम सामान्य वन मंडल मण्डला श्री एल. नित्यानंतम भा.व.से. के निर्देशन में अनुभूति शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में शासकीय हाई स्कूल पिपरिया विजयपुर से 42, शासकीय हाई स्कूल मानिकसरा से 42 एवम शासकीय हाई स्कूल जमठार के 42 कुल 126 छात्र छात्राओं ने भाग लिया कार्यक्रम के शुरुआत में माँ सरस्वती जी की पूजा दीप प्रज्वलित कर प्रथम चरण में स्कूली बच्चों को नाश्ता कराकर अनुभूति बुक, कैप, बैग, पेन एवं बाघ मुखौटा आदि का वितरण किया गया। इसके बाद मास्टर ट्रेनर सी.एम. शर्मा द्वारा पर्यावरण, पेड़ पौधों, घास व औषधीय पौधों की पहचान कराई गई तथा उनके पत्ते, तना, जड़, फल, फूल के जीवन में उपयोगिता के बारे में बताया गया दूरबीन के माध्यम से पक्षी दर्शन के कार्यक्रम पश्चात वनों के महत्व पर्यावरण खाद्य श्रृंखला दीमक की बामी, तेंदूपत्ता संग्रहण की जानकारी, महुआ एवं अन्य वन उत्पादों के उपयोग नदी नालों प्रदूषण रोकने व जल संरक्षण के संबंध में जानकारी दी गई। दोपहर में भोजन के पश्चात निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए फीडबैक फॉर्म भरवाए गए प्रकृति संरक्षण की शपथ दिलवाई गई एवं 'मैं भी बाघ' थीम के तहत सभी छात्रों द्वारा बाघ गीत का गायन एवम डांस हर्षोल्लास से किया गया।।

कार्यक्रम में मुकेश पटेल एसडीओ निवास, अभिषेक कटारे परिक्षेत्र अधिकारी बरेला, बसंत तेकाम परिक्षेत्र सहायक जमठार, श्रीमति करिश्मा पुट्टा जनपद अध्यक्ष बीजाडांडी, राजेंद्र पुट्टा जनपद सदस्य, ग्राम पंचायत सरपंच जमठार, पिंडरई, बिहारी लाल जनपद सदस्य,अध्यक्ष व.सु.स. पौंडी, अध्यक्ष व.सु.स खैरूवाला, तीनों हाईस्कूलों के शिक्षक/शिक्षिकाएं, स्वास्थ्य विभाग की टीम भी उपस्थित रहे। वन स्टॉफ बरेला से मो.कमर खान परिक्षेत्र सहायक बरेला. अंसारी परिक्षेत्र सहायक चौकी, रमेश सिंह मरावी परिक्षेत्र सहायक विजयपुर एवं परिक्षेत्र में पदस्थ समस्त वनरक्षक एवं अन्य वन कर्मचारी उपस्थित रहे।

सभी ने कार्यक्रम की बहुत सराहना की। बच्चों ने खूब मस्ती किए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण का केंद्र रह। मैं भी बाघ थीम की रंगोली, मॉडल वृक्षारोपण, परकोलेसन पिट, परकोलेसन टैंक, गैबियन डेम एवं बोल्डर चेक डेम तथा पत्थरों से निर्मित अनुभूति कैंप ड्राइंग, स्टेज बेक ग्राउंड एवम अन्य वन, वन्यवाणी, पर्यावरण संरक्षण संबंधी मैसेज बैनर जिसमें सभी ने खूब फोटो और सेल्फी लिए।

## खबर संक्षेप

### भारतीय मुद्रा में शामिल सिक्कों को लेने से कर रहे अनेक दुकानदार इंकार

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** लगभग पांच वर्ष पहले जिस प्रकार से नोट बंदी के बाद बाजार में चिल्लर की बाढ़ आने की शुरूआत हुई थी वह अब सिर दर्द बनाते हुए दिखाई देने लगी है? क्योंकि लोगों ने अपने घरों में चिल्लर तो सजोकर रख ली गई थी। मगर वह चिल्लर लोगों को मुशिबत साबित होते हुए दिखाई देने लगी है, जिसमें सबसे अधिक वह बच्चें परेशान हो रहे है जिन्होंने अपने परिजनों से एक एक रूपया एकत्र करते हुए गुल्लकों को भर लिया गया है और उनकी सोच रहती है कि जब अधिक पैसा एकत्र हो जावेगा तो वह समय आने पर यादगार वस्तु खरीद लेगे मगर मासूम बच्चों के अरमानों पर इस समय पानी फिरते हुए दिखाई देने लगा है हालत यह है कि बाजार में चिल्लर की बाढ़ आने से दुकानदार चिल्लर को देखकर इस प्रकार से मुंह बनाते हुए दिखाई देते है जैसे कोई उन्हें कोई कड़बी बस्तु खिलाने का प्रयास कर रहा हो? बाजार में सिक्को की बाढ़ आने से व्यापारियों को इसलिए पेरशान होना पड़ा रहा है। क्योंकि उनकी दुकानों पर कड़क नोटो की जगह 1. 2 .5 के कम मगर 10 रूपया के सिक्कों का ढेर लग रहा है। इस स्थिति के चलते अनेक दुकानदारों द्वारा तो ग्राहको से चिल्लर लेने से साफ इंकार करते हुये देखा जा रहा है। इस स्थिति में आमजन के सामने जहां एक नई मुश्बित खड़े होते हुये दिखाई देने लगी है। जबकि यदि नियमों के अनुसार देखा जावे तो भारतीय मुद्रा में शामिल व चलन में रहने वाली किसी भी सिक्का या फिर नोट को दुकानदार या व्यापारी द्वारा लेने से इंकार करना जहां भारतीय मुद्रा का अपमान माना जाता है तथा वह कानूनी तौर पर अपराध की श्रेणी में भी माना जाता है? मगर इस ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने के कारण नगर के अनेक दुकानदारों द्वारा इस प्रकार से ग्राहकों से चिल्लर लेने से खुलेआम इंकार करते हुये भारतीय मुद्रा का वहिष्कार करने की स्थिति में देखे जा रहे है?

### जनपद पंचायत चीचली क्षेत्र में कागजों मे चल रहे अनेक आंगनबाडी केंद्र

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** शहरों के साथ साथ सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं व बच्चों को अनेक प्रकार के लाभ देने के उद्वेश्य से करोड़ो रूपया खर्च आगंनवाड़ी केन्द्रो की स्थाना की गई है। मगर देखनें में आता है कि ग्रामीण अंचलों मे संचालित आंगनबाडियों का फायदा महिलाओं,बच्चों को नही मिल पा रहा है? जबकि इनके लिए सरकार करोडो रूपए खर्च कर योजनाए बनाती है। इस बात की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत अनेक गांवों में संचालित होने वाले आंगनवाड़ी केन्द्रो में आसानी से देखने मिली सकती है? जहां पर बताया जाता है कि क्षेत्र के अनेक आंगनबाडियों में मासूम बच्चों को न तो पौष्टिक आहार मिलता और न पढाई सुविधा मिल रही है। वही गर्भवती महिलाओं को इन केन्द्रों से समय समय पर जो लाभ मिलना चाहिए था वही भी नही मिल पा रहा है। जबकि केन्द्रों के कागजों के हिसाब से देखा जावे तो उनकी खाना पूर्ति पूर्णरूप से होती रहती है, ग्रामीणों का आरोप है कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी ,केंद्र प्रभारियों की सांठगांठ से फर्जी बिल,आंकडे तैयार कर प्रतिवर्ष लाखों रूपए गोलमाल कर दिए जाते है? इतना ही नही सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार तो यह तक बताया जाता है कि अनेक केंद्रों पर मनमर्जी है उन्हे आंगनबाडी केंद्र को कब बंद करना है, कब खोलना यह सब उसकी मनमर्जी पर होता है..? वही इस जनपद में वर्षो से अंगद की पैर की तरह जमें हुये संबंधित अधिकारियों द्वारा इनका निरीक्षण सिर्फ शासकीय गाड़ियों में घूमते हुए औपचारिकत पूर्ण देखने मिलता है.? केन्द्र की अनेक योजनाएं बंद- आगंनबाडी केंद्रों मे चलने वाली गर्भवती महिलाओं, बच्चों के कुपोषण रोकने, पोषण आहार, गोद भराई, अन्न प्रसान,वजन मेला जैसी कई योजनाएं बंद पडी हुई जान पड़ रही है और इन तमाम कार्यक्रम सिर्फ कागजी खाना पूर्ति तक सीमित है? वही आंगबाडियों द्वारा बनाए गए महिला स्व सहायता समूह की भूमिका भी संदिग्ध नजर आने से भी नही चूक पा रही है, जिसमें फर्जी समूह बनाकर फायदा उठाये जाने की चर्चाएं आम होती चली जा रही है?







# शान से ध्वजा रोहण करते हुये तिरंगें को दी सलामी

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

नगर की वर्षो की परम्परा रही है कि गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम नगर के पुराने कालेज खेल मैदान पर आयोजित होता रहा है और नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा यहां पर ध्वजा रोहण करते हुये शान के साथ तिरंगे को सलामी दी जाती है। इसी के चलते बीते हुये शुक्रवार को गणतंत्र दिवस के मौके पर जहां इस मैदान पर नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा अपने अध्यक्ष के कार्यकाल के दूसरे व देश के 75 वें गणतंत्र दिवस का क्षेत्र की अनुविभागीय अधिकारी कलावति व्यारे व उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा की मौजदूगी में ध्वजा रोहण कालेज के पुराने खेल मैंदान पर करते हुये तिरंगे को सलामी दी गई। भारत के राष्ट्रीय त्यौहार गणतंत्र दिवस की सुबह शहरवासियों को नई उमंग से ओत प्रोत करने वाली रही, गणतंत्र दिवस को स्थानीय न्यायालय परिसर, उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय में डीएसपी रत्नेश मिश्रा तो पुलिस थाना में नगर निरीक्षक विक्रम रजक, रेलवे स्टेशन, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में इन विभागों में अधिकारियों ने झंडा फहराया और नगर के न्यू ऐज पब्लिक स्कूल, दक्ष इंटर नेशनल स्कूल, नूपुर कान्वेन्ट स्कूल सहित अन्य स्कूलों में ध्वजा रोहण के बाद अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। वही नगर के श्री सार्वजनिक पुस्तकालय में संस्था के अध्यक्ष द्वारा ध्वजा रोहण किया गया। इसी प्रकार से नपा.कार्यालय में अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा ध्वजा रोहण करते करने के बाद गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह परम्परा के अनुसार पुराने कालेज ग्राउंड पर आयोजित हुआ, जिसमें उत्साह के माहौल में नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा व अनुविभागीय अधिकारी व उप पुलिस अधीक्षक सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी जयश्री चौहान नपा उपाध्यक्ष श्रीमति वैशाली , पार्षद श्रीमति पूजा, राहुल-हेमकुमार राय, जितेन्द्र जायसवाल, कमल खटीक, डॉ श्रीकांत राय, श्रीमति राजकुमारी, चंद्रकान्त शर्मा, एडवोकेट सुरेन्द्र गूजर, रोहित ठाकुर, श्रीमति मंजू राडवे, आनंद कुमार दुबे, श्रीमति पूजा जाटव, जिनेश जैन, श्रीमति शिल्पी साहू, श्रीमति संगीता-सौरभ पटैल,, श्रीमति सुबी जैन, श्रीमति पूजा-प्रवेश राय, श्रीमति आरती विश्वकर्मा, श्रीमति अर्चना धानक, शुभम-सुनील राजपूत, चंचल कोरी, श्रीमति सीता चैकसे की उपस्थिति में ध्वाजा रोहण किया और राष्ट्रगीत गायन के बाद जहां पुलिस थाने के पुलिस कर्मियों द्वारा तिरंगें को सलामी दी गई। वही कार्यक्रम में पधारे अतिथियों की मौजूदगी में शहर के अनेक स्कूलों से आऐ हुए स्कूली बच्चों से मार्च पास्ट की सलामी ली तथा नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा मंच पर गणतंत्र दिवस पर दिए





प्रदेश के मुख्य मंत्री द्वारा दिये गये प्रदेश की जनता के लिये दिये ये संदेश का वाचन किया। इसके उपरांत इस कार्यक्रम में शहर के अनेक स्कूलों स आये हुये छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुये सभी का मन मोह लिया गया था। वही कार्यक्रम के अंत में उक्त समारोह में शामिल होकर नगर की अनेक शिक्षण संस्थाओं के छात्र छात्राओं ने कार्यक्रमों का बेहतर प्रदर्शन किया जिसके चलते शालाओं के छात्र, छात्राओं को पुरूस्कार वितरित किए गए। इस सार्वजिनक आयोजन में विभिन्न स्कूलों से आये हुए बच्चों द्वारा जो प्रस्तुति प्रदान की गई थी उसके आधार पर उन्हें पुरूस्कार वितरण किया गया, जिसमें मार्च फास्ट में प्रथम स्थान पर बीटीआई स्कूल न्यू ऐज पब्लिक स्कूल संयुक्त रूप से तो दूसरे स्थान पर क्रेयान इंटरनेशनल तथा तीसरे स्थान पर टेगोर स्कूल रहा। इस प्रकार से व्यायाम प्रदर्शन कार्यक्रम में प्राथमिक स्तर पर प्रथम स्थान पर गुरूकुल एकडमी तथा माध्यमिक स्तर पर पहले स्थान पर न्यू ऐज पब्लिक स्कूल, दूसरे स्थान पर शासकीय आदर्श स्कूल तथा तीसरे स्थान पर क्रेयान स्कूल रहा। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रदर्शन में प्राथमिक स्तर पर पहले स्थान पर न्यू ऐज पब्लिक स्कूल, दूसरी स्थान पर टेगोर स्कूल रहा। वही माध्यमिक स्तर पर पहले स्थान पर शासकीय किसानी माध्यमिक शाला तो दूसरे स्थान पर शिवाजी विद्या निकेतन तथा तीसरे स्थान पर दक्ष स्कूल रहा। वही हाई स्कूल स्तर पर प्रथम स्थान पर क्रेयान स्कूल व दूसरे स्थान पर बीटीआई स्कूल रहा। हायर सेकेण्डरी स्तर पर प्रथम स्थान आदर्श स्कूल ने तो दूसरा स्थान शासकीय कन्या उमावि को मिला तथा तीसरे पायदान पर क्राईस चर्च स्कूल रहा। इस प्रकार से इन शिक्षण संस्थाओं के छात्र छात्राओं को पुरूस्कार प्रदान करते हुए अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया, इसके आलवा नगर के उन छात्रा छात्राओं को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने खेल व अन्य कार्यो में नगर का नाम रोशन किया गया है। इस दौरान कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा तथा अनुविभागीय अधिकारी द्वारा उन लोक सेवकों को भी प्रस्सति पत्र देते हुये सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने दायित्वों का निर्वाहन करते हुये उल्लेखनीय कार्य किया। गणतंत्र दिवस पर पुरूस्कृत होने वाले सरकारी कर्मचारियों में राजस्व विभाग से राजस्व निरीक्षक राजेश कौरव, संतोष ठाकुर के आलवा अक्षय श्रीवास्तव सहा ग्रेड 3, शैलेन्द्र नाईक दैवे श्रमिक सहित पटवारी कमलेश पटैल, मनीष अग्रवाल, शैलेष पटैल, शुभम पटैल, योगेश पटैल, अंकित जैन, राकेश उपाध्याय, चंद्रकांता पुरिया, प्रदीप पटैल, स्वर्ण कौरव, सौरभ कौरव, गनेश यादव, शिवानी उईके, शशिकांत पटैल, वाहन चालक चरनदास ठाकुर, भृत्य मुकेश कुर्मी, ग्राम कोटवार विनोद मेहरा, अशोक मिर्धा, रेवा शंकर नौरिया, राकेश कोरी शामिल थे। नगरीय प्रशासन विभाग से श्रीमति अलका खत्री, प्रमोद चौहान, श्रीमति आशा/हल्के, श्रीमति कुसुम/शोभा, दैनिक श्रमिक में नगार्जुन सोनी, जगदीश बाल्मिक, रामगोपाल बाल्मीक, कम्पूटर आपरेटर निशांत वर्मा, अनुराग दुबे, योगेश दीक्षित, सारिक खान, लेखा रजक, विद्युत विभाग से सिद्वार्थ पटैल, सावन सिंह पटैल, शिव कुमार वर्मा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से उमेश कुमार अंगुरे, प्रदीप तिवारी, राम स्वरूप पटैल, महिला बाल विकास विभाग से श्रीमति अभिलाषा शर्मा, श्रीमति बबीता चंद्रवंशी, श्रीमति आशा खंगार, शिक्षा विभाग से श्रीमति प्रियंका अग्रवाल, वेद प्रकाश राजपूत, श्रीमति अंजुलता नेमा, संजय सोनी, नीलमणि ताम्रकार, दिनेश चौरासिया। इसी प्रकार से वन विभाग से अरविंद अहिरवार वन परिक्षेत्र अधिकारी, राम किशोर सराठे, श्रीमति रानीलता सिंह, श्रीमतित आरती बक्शी, नारायण वर्मा, योगेश वर्मा, रमेश कहार। निर्वाचन शाखा से राजस्व में सुश्री प्रियंका नेताम, श्रीमति अनु जैन, रमाकांत चौकसे के अलावा एन के दुबे, आकाश डहारे, डी के पटैल, प्रसन्न खत्री, पी एस कौशल, श्रीमति अर्पिता ठाकुर, विवेक तिवारी, भगवानद दास चित्तौडिया, प्रहलाद ठाकुर, राजेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, नितिन राजपूत, सुभाष सोनी, आलोक सोनी, गुरूदायल राय, कमलेश कोरी, प्रेम कोरी, सतेन्द्र साहू, श्रीमति मंजू सोनी, कृष्णकांत दुबे, श्रीराम रजक, पुरूषोत्तम रजक, सूरज पटैल। इसी प्रकार से पुलिस विभाग से ए एस आई हरिशंकर बटके, ए एस आई राकेश दीक्षित, वरिष्ठ आरक्षक राकेश झा, आरक्षक सोहेब खान, मोहन चोरे, हरिशंकर शामिल है जिन्हें सम्मानित किया गया है।

# मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने दिव्यांग बच्चों को किये सहायक उपकरण वितरित, शाला भवन का किया लोकार्पण





**हरिभूमि न्यूज/सांईखेडा।** प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने बीते हुये विधानसभा गाडरवारा के जनपद शिक्षा केंद्र साईखेड़ा द्वारा आयोजित ग्राम बंधा में शासकीय संस्थाओं के दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरित करते हुय ग्राम पीपरपानी में शासकीय माध्यमिक शाला भवन का लोकार्पण किया और यहां अध्ययनरत छात्र- छात्राओं से संवाद किया। बताया जाता है कि शिक्षा मंत्री द्वारा बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने के लिए कहा और शिक्षा के महत्व को समझाया। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में भ्रष्टाचार खत्म हुआ है। प्रधानमंत्री किसी भी कार्य को प्रभावित नहीं होने देते। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बड़े से बड़े निर्णय लेने की क्षमता है। जिसका उदाहरण है अयोध्या में रामलला की स्थापना सपना थी, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने पूरा किया। वही परिवहन व स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि आम आदमी के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में राज्य शासन की विभिन्न योजनायें संचालित की जा रही हैं हम सब का दायित्व है कि उन योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने में किसी भी प्रकार से कोई कसर नही छोड़ना है। अधिकारियों को भी मै निर्देशित करता हूं कि जब कोई हितग्राही किसी योजना का लाभ लेने के संबंध में आप लोगों के पास पहुंचता है तो उसकी मदद करते हुये योजना का लाभ दिलाने में अपने दायित्व का निर्वाहन करे। मैं किसी कर्मचारी व अधिकारी द्वारा शासन की योजनाओं में की जाने वाली गफलतबाजी को स्वीकार नही करूगा। इस दौरान मंत्री सिंह ने कहा कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्कूल आने- जाने के लिए निःशुल्क साईकिल, दिव्यांग व्यक्तियों को कृत्रिम अंग, कान की मशीन, ट्रायसिकल आदि वितरित किये गये हैं। सरकार की मंशा है कि हर वर्ग के पात्र व्यक्तियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले। इस कार्यक्रम में पूर्व चीचली जनपद अध्यक्ष मुकेश मरैया, रंजीत सिंह राजपूत, धर्मपाल सिंह राजपूत सहित क्षेत्र के अनेक भाजपा नेतागण मौजूद थें।



### नगर परिषद सांईखेडा में अध्यक्ष ने किया ध्वजा रोहण, जनपद का कार्यक्रम बना चर्चा का विषय!

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेडा।**

संपूर्ण देश के साथ साथ गणतंत्र दिवस की वर्षगांठ जहां तहां बडे ही धूमधाम के साथ मनाई गई। मगर जनपद पंचायत कार्यालय में हुआ झंडा रोहण संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बनने से नही चूक पाया है। बताया जाता है कि यहां पर झंडा रोहण करने का जिन पर मुख्य रूप से अधिकार है उनके द्वारा झंडा रोहण करने के दौरान अन्य किसी ओर द्वारा दूसरे रस्सी को अपने हाथों में थामा गया तो तनतनी का महौल निर्मित होने से नही चूक पाया है और पहली बार देखने मिला कि एक झंडे को दो लोग पहराते हुये नजर आये..? इस दौरान देखने मिला कि यहां पर झंडा रोहण करने का जिनको अधिकार था वह अपने हाथ में सही रस्सी पकड़े हुये थें मगर जिनको अधिकार नही था वह डंडे में बंधी हुई रस्सी पकड़े हुये नजर आना चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा है? वही दूसरी ओर देश के गणतंत्र दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर नगर परिषद साईंखेड़ा में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर नगर परिषद कार्यालय साईंखेड़ा में ध्वजा रोहण नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सचिन अग्रवाल द्वारा विधि विधान से किया गया तथा सभी नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा भी नगर के विभिन्न शासकीय संस्थानों में ध्वजा रोहण किया गया। इस मौके पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी डी पी साहू सहित उपाध्यक्ष व पार्षदगण मौजूद थें।

# बिजली विभाग की अनदेखी बनती है किसानों के परेशानी का कारण

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।**

जिस प्रकार से देखा जा रहा है कि बिजली विभाग द्वारा एक ओर अपने बिजली बिलों की बसूली को लेकर तो सभी प्रकार के माप दंडों का उपयोग करते हुए किसानों से पैसा बसूने में उनके घरों में रखी हुई सामग्री तक जप्त करने से नही चूक रही है? मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि बिजली विभाग द्वारा अपनी विद्युत लाईनों के रख रखाब की ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने के कारण प्रति वर्ष क्षेत्र के किसानों को बिजली विभाग की लापरवाही के चलते आर्थिक क्षति का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। क्योंकि बिजली विभाग की उदासीनता का परिणाम है कि किसानों के खेतों से निकली हुई बिजली लाईनों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि वह वर्षो पुरानी होने के कारण उनके तार झूला के समान झूलते हुए दिखाई दे रहे है और वह तार जरा से हवा चलते ही एक दूसरे से टकरा जाने की स्थिति में आग



की चिन्गारी छोड़ना चालू कर देते है, इसके चलते किसानों के खेतों में खड़ी हुई फसलों में आग लग जाने के कारण किसानों को आर्थिक क्षति का सामना करने के लिए प्रतिवर्ष मजबूर होते हुए देखा जाता है, जिसका उदाहरण इस समय क्षेत्र के अनेक गांवों में देखने भी मिल रहा है जहां पर किसानों के खेतों में खड़ी हुई गन्ना फसल आये दिन आग से जलकर खाक होने से नही चूक रही है, क्योंकि क्षेत्र के गांवों की मेन्टेनेस व्यवस्था पर बिजली विभाग द्वारा ध्यान नही दिये जाने के कारण गांवो में किसानों की सिंचाई हेतु स्थापित किये गये ट्रांसफार्मर भी जल जाते है जिनकों बदलवाने के लिए क्षेत्र के किसानों को बिजली विभाग के अधिकारियों के अनेक चक्कर लगाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इस स्थिति में देखा जावे तो जहां किसानों के खेतों में आग लगने के कारण उन्हें आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ता है वही दूसरी ओर कई दिनों तक बिजली बंद रहने के कारण उनकी सिंचाई का कार्य भी प्रभावित होता है। इस प्रकार से क्षेत्र के किसानों के खेतों में खडी हुई फसलों के ऊपर झूलते तारों के चलते दहशत में दिखाई पड़ रहे है और समय रहते हुए यदि बिजली विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित ही क्षेत्र के किसानों को फिर आर्थिक क्षति का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।



## कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में आयोजित हुआ

# विशाल मिलेट मेला आगाज का आयोजन







कलेक्टर विकास मिश्रा ने के निर्देशन में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित खेल मैदान में आगाज श्री अन्न एवं महिला किसानों को समर्पित की थीम पर कार्यक्रम आयोजित की गई। भारतवर्ष की कृषिगत क्रियाओं में महिला किसानों की भूमिका अग्रणी है। खेत खलिहान की तैयारी से लेकर बीजों के संग्रहण एवं परिवार को पोषण प्रदाय करने तक महिला किसान की भूमिका केन्द्र में है।

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**

श्री अन्न को अपने दैनिक आहार में शामिल करने तथा लघु धान्य के महत्व से अवगत कराने हेतु महिला किसान एवं श्री अन्न को बढावा देने के हेतु मिलेट मेला का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज ग्रामीण स्तर के महिला पुरूष कार्यक्रम में शामिल हुए।

कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग एवं जिला प्रशासन डिंडोरी के संयुक्त तत्वावधान में आज रविवार को मध्यप्रदेश राज्य मिलेट मिशन योजना अंतर्गत विशाल मिलेट मेला श्आगाजश का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति सुनीता सारस जी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिला डिंडोरी के विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं द्वारा चित्रकला, वाद विवाद प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, पारंपरिक नृत्य, कविता गायन, किया गया। मिलेट मेला में विभिन्न विभागों के द्वारा प्रर्दशनी लगाई गई। बैगा किसान महिलाओं द्वारा कोदो कुटकी उत्पादन कार्यों के अनुभवों को साझा किया गया। प्रतियोगिता में हिस्सा लिए हुए प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदाय किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने बताया कि इस मिलेट मेला में महिला कृषकों को सम्मिलित किया गया जो कि कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रहीं हैं। शासन का यह कर्तव्य है कि महिलाओ को सरंक्षण, पोषण एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ करे जिससे उनके आर्थिक, सामाजिक, मानसिक और भौतिक विषमताओं से बाहर निकले और आत्म निर्भर तथा स्वाभिमान पूर्ण जीवन जी सकें। जिला प्रशासन, महिला किसानो के प्रति आभार प्रकट करता है।

### श्री अन्न किताब का विमोचन

उप संचालक कृषि,सह परियोजना संचालक ''आत्मा'' किसान कल्याण तथा कृषि विकास के द्वारा श्री अन्न के पौष्टिक व्यंजन जैसे कोटो, रागी, ज्वार, कुटकी आदि से निर्मित व्यंजनों से किस प्रकार तैयार किए जाने का तौर तरीका (विधि) संग्रह प्रस्तुत नामक श्री अन्न के पौष्टिक व्यंजन नामक पुस्तक का आज मिलेटस मेला में विमोचन किया गया।

### कु.भूमिका को बनाया गया ब्राड एम्बेसडर

मिलेट्स मेला का आगाज के दौरान वृहद कन्या आश्रम के छोटे-छोटे बच्चों ने शराब छुड़ाने पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को संदेश दिया। जिसका छात्रा कुमारी अभिनय भूमिका नेताम ने वृद्ध शराबी महिला का रोल बडी बखूबी के साथ निभाया वहीं वृद्ध शराबी पुरूष का रोल कुमारी खुशबू कुशराम कक्षा पांचवीं की छात्रा ने निभाया। सहायक हेतु छात्रा कुमारी प्रियंका धुर्वे ने गुड्डी का रोल बडी सुन्दरता के साथ निभाया। उक्त नाटक में बालिकाओं की उत्कृष्ट कला के साथ प्रस्तुत करने पर जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न रूपों से सम्मानित किया गया। छात्रा भूमिका नेताम ने वृद्ध महिला की कला को प्रस्तुत करने पर श्री रीतेश जैन पार्षद नगर परिषद डिंडौरी के द्वारा एक हजार रूपये, डॉक्टरों ने पांच-पांच सौ रूपये एवं वरिष्ट पत्रकार श्री शिवराम बर्मन ने पांच सौ रूपये पुरूस्कार के रूप में प्रदान किए।

आदिरंग नाट्य समिति की संचालिका सुश्री वंदना मानिकपुरी ने कहा है कि कुमारी भूमिका नेताम की अभिनय इतना अच्छा है कि आने वाले समय में इनको नाट्य विद्यालय भोपाल में प्रवेश हेतु पूरा प्रयास करूंगी।

कलेक्टर विकास मिश्रा कु. भूमिका नेताम कक्षा चैथी को डुकरी(वृद्ध महिला) का रोल करने वाली छात्रा को गोकुल शुद्ध दूध डेयरी का ब्रांड एम्बेसडर बनाया। कन्या वृहद आश्रम के प्रधान पाठिका श्रीमती मंजू परस्ते, श्रीमती सुमंत्रा परस्ते, श्रीमती सारिका सैयाम, छात्रावास अधीक्षक श्रीमती एकता सैयाम व श्रीमती उषा अहिरवार इनका बच्चों को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा, साथ ही साथ इसी विद्यालय की छोटी छोटी बालिकाओं के द्वारा एक सुन्दर नृत्य भी प्रस्तुत किया गया जिनका समस्त जनप्रतिनिधियों के द्वारा सुन्दर प्रस्तती की सराहना की गई।

### स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित सामग्री

शीतला स्व-सहायता समूह के द्वारा आलू पापड़, चावल पापड़, उडद मूंग की बरी बिजोरी, अचार आम, इमली, मिर्ची, नीबू, आवंला आदि का अचार समूह के दीदीयों के द्वारा तैयार किया जाता है। इसी प्रकार से नास्ता में नमकीन, मठरी, सलोनी, गुजिया तथा खुर्मी भी बनाया जाता है जिससे इनका एक दिन में एक हजार रूपये तक की आमदनी प्राप्त होती है। शीतला स्व सहायता समूह में ज्योति ताम्रकार, तनु ताम्रकार, दिलीप ताम्रकार व अजय ताम्रकार शामिल हैं।

बैगा चक महिला किसान उत्पाद प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड डिंडौरी और मंडला जिले में कार्यरत महिला किसानों की कंपनी है। इस कंपनी की शुरूआत यहां की दस महिला किसानों ने सितम्बर 2020 में की थी, जो आज इस कंपनी की निदेषक है। डे-एनआरएलएम और म.प्र. आजीविका इस कंपनी की बढावा देती है। इस कंपनी के सदस्य एवं शेयर धारक केवल महिला किसान ही है। कंपनी इस शेयर का प्रमाण पत्र देती है और जब कंपनी भविष्य में मुनाफा कमाएगी तब अपने शेयर धारकों को उनके हिस्से के अनुरूप लाभांश देगी।

हलचलित महिला कम्पनी कोटो कुटकी की सामग्री, आरास्ता महिला कम्पनी दाल निर्माता व खरमेर नर्मदा महिला कंपनी विष्णुभोग एवं आमटा चावल तैयार करती है। कार्यक्रम में कुटकी चावल, दाल, आमटा का प्रदर्शन भी लगाया गया।

### जैविक उत्पादन कार्ड संस्था

सेन्टर फॉर एडवांस्ड रिसर्च एवं डेवलपमेंट (कार्ड) से सुनीता धुर्वे ने बताया कि भूमि की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होती है, जलधारण क्षमता में वृद्धि के कारण सिंचाई अधिक अंतराल पर करना होता है। रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होने कसे लागत में कमी आती है। फसलों की उत्पादकता एवं गुणवत्ता में वृद्धि होती है। जैविक खाद के प्रयोग करने से भूमि के स्वास्थ्य में सुधार होता है। भूमि मं से पानी की वाष्पीकरण कम होता है। जिससे भूमि के जलस्तर में वृद्धि होती है वातारण प्रदूषित नहीं होता है भूमि की भौतिक संरचना सुधरती है भूमि का तापक्रम संतुलित रहता है जैविक खेती से पौधों के विकास के लिए समस्त पोषक तत्व मिट्टी में रहते हैं बिना रासायनिक पदार्थों के किट एवं व्याधियों का नियंत्रण बना रहता है। इस दौरान शक्ति स्व सहायता समूह के जैविक उत्पादकता में कार्यरत सुनीता धुर्वे, सुधा ब्यौहार, जौहरा, ईश्वरी, शालिनी, शारदा, दौलत व प्रकाष एवं अन्य लोग मौजूद रहे। साथ ही आनंदम दीदी कैफे व रूरल मार्ट का भी स्टॉल लगाया गया है। आनंदम दीदी कैफे से रीता कुषराम, पहलवती एवं वंदना मौजूद रही इसी तरह रूरल मार्ट की अध्यक्ष अनीता जसिया मौजूद रहे ।

कलेक्टर विकास मिश्रा ने अपने उदबोधन में कहा कि मध्यप्रदेश के विकास-पथ को हमारे किसान भाई- बहनों ने अपने खून-पसीने से सींचा है। उनके परिश्रम का ही परिणाम है कि मध्यप्रदेश आज देश में दालों के उत्पादन में पहले, खाद्यान्न उत्पादन में दूसरे और तिलहन उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फण्ड, सॉइल हेल्थ कार्ड, समर्थन मूल्य पर उपार्जन, प्राकृतिक खेती और फसल विविधीकरण को बोत्साहन, मण्डियों में ई-अनुज्ञा प्रणाली आदि के माध्यम -किसानों की आमदनी में लगातार वृद्धि की जा रही है।

डिण्डोरी में श्रीअन्न अनुसंधान संस्थान की स्थापना से इन फसलों की देशी किस्मों के संरक्षण और नई किस्मों के विकास की नई राहें खुलेंगी। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संकल्प के अनुरूप श्रीअन्न उत्पादन में एक नई क्रांति लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा 100 करोड़ रुपए से भी अधिक की नई रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना लागू कर दी गई है। इसके अंतर्गत श्रीअन्न उत्पादन करने वाले किसानों को प्रति किलो 10 रुपए की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। साथ ही फसल उत्पादन, भण्डारण, प्रोसेसिंग, मार्केटिंग, उपार्जन, ब्राण्ड बिल्डिंग के साथ वैल्यू चेन विकसित की जाएगी।

कृषि विभाग द्वारा आयोजित आगाज मिलेट्स मेले के मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता सारस नगर परिषद अध्यक्ष, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती सारिका नायक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रूद्रेश परस्ते, किसान समिति के अध्यक्ष डॉ. सी एस भवेदी पूर्व विधायक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू ब्यौहार, श्रीमती उजियारो बाई, जिला पंचायत सदस्त श्रीमती हीरा रूद्रेश परस्ते, कैप्टन दिव्यांश जैन, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हेमवती राजपूत सहित पुलिस अधीक्षक श्री अखिल पटेल, अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह कृषि उपसंचालक सुश्री अभिलाषा चैरसिया, डॉ. नेहा धूरिया, एसडीओ कृषि श्री चेतराम अहिरवार व कृषि विभाग व विज्ञान केन्द्र के समस्त स्टॉफ, अग्रणी बैंक मैनेजर श्री रविशंकर, जनसंपर्क अधिकारी श्री चेतराम अहिरवार एवं श्रीमती श्वेता प्रोजेक्ट मैनेजर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### कराटे परीक्षा में सफल छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए



**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी**
विकास खंड मुख्यालय मेंहदवानी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की छात्राओं को कराटे प्रशिक्षण उपरांत हुए कराटे परीक्षा में सफल छात्राओं को जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के द्वारा छात्राओं को कराटे प्रशिक्षण दिया गया था। पुलिस अधीक्षक महोदय डिंडौरी के मार्गदर्शन में पुलिस थाना प्रभारी मेंहदवानी से प्राप्त कराटे प्रमाण पत्र को जिला सदस्य श्रीमती रेखा आर्मो, जनपद पंचायत मेंहदवानी के अध्यक्ष रामप्रसाद तेकाम, उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा धुर्वे, उपसरपंच मेंहदवानी धनीराम साहू, जनपद सदस्य, तेजस्वनी नारी चेतना महिला संघ की सचिव श्रीमती रेखा पन्द्राम के द्वारा छात्राओं को प्रदान किया गया।इस दौरान छात्रावास अधीक्षिका विजया मानिकपुरी सहित विद्यालय के शिक्षकगण सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### अक्षय के दोहरे प्रदर्शन की बदौलत युवा क्रिकेट क्लब ने राई को 20 रनों से हराया



**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर अंतर्गत ग्राम केवलारी में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हैं। जिसमें रविवार को युवा क्रिकेट क्लब अमरपुर तथा राई के बीच मैच खेला गया। जिसमें युवा क्रिकेट क्लब के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बल्लेबाज यशवंत ने 25 रन, अक्षय ने 19 रन, सुनील ने 16 रन तथा दस्सू के 12 रनों की बदौलत निर्धारित 10 ओवर में 106 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। राई की ओर से रमेश ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट अपने नाम किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राई की टीम निर्धारित 10 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 86 रन ही बना सकी और 20 रन से मैच हार गई। युवा क्रिकेट क्लब की तरफ से गेंदबाजी करते हुए गेंदबाज यशवंत, दस्यु, अक्षय ने 2,2 विकेट तथा जयदीप ने एक विकेट अपने नाम किया। राई की ओर से अर्जुन ने शानदार 25 रनों की पारी खेली।

### एसडीएम बजाग ने ली समीक्षा बैठक



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** राजस्व महा अभियान के सुचारू रूप से क्रियान्वयन की दृष्टि से आज रविवार को तहसील कार्यालय बजाग के मीटिंग हाल में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बजाग द्वारा तहसीलदार, बजाग, नायब तहसीलदार करंजिया, राजस्व निरीक्षक, पटवारियों एवं तहसील के समस्त कर्मचारियों की बैठक ली गई, जिसमें राजस्व संबंधी मामलों विशेष कर 3 माह से अधिक समय अवधि के लंबित नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन प्रकरणों की मदवार समीक्षा की गई। जनहानि, मकान क्षति के प्रकरणों की भी समीक्षा की जाकर इसमें से पटवारी से तत्काल रिपोर्ट लगवाई जाकर प्रकरण का निराकरण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही की गई, पटवारियों को मतदाता सूची एवं निर्वाचन संबंधी कार्यों को समय सीमा में निराकरण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## अंकुर कार्यक्रम अंतर्गत पौधों का किया गया रोपण



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** मध्यप्रदेश शासन पर्यावरण विभाग मंत्रालय भोपाल एवं पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन भोपाल के आदेशानुसार विकास मिश्रा कलेक्टर डिंडौरी एवं संतोष शुक्ला, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग डिंडौरी के निर्देशन तथा डॉ डी के श्रीवास्तव प्राचार्य के मार्गदर्शन में श्रीमति तृप्ति गुरुदेव व्याख्यता शासकीय उत्कृष्ट उच्च. माध्यमिक विद्यालय शहपुरा ने अंकुर कार्यक्रम अंतर्गत सन 2021 से अभी तक शासकीय उत्कृष्ट उच्च. माध्यमिक विद्यालय शहपुरा, शासकीय हाई स्कूल गुरैया,शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला गुरैया, छात्रावास, सार्वजनिक भूमि एवं स्वयं की भूमि में कुल 300 पौधो का रोपण किया। सर्वप्रथम वायुदूत अंकुर मोबाइल ऐप पर पंजीयन किया गया इसके उपरांत रोपित समस्त पौधौ का फोटोग्राफ वायुदूत ऐप पर अपलोड किए गए एवं एक माह तथा छरू माह बाद फिर उन्ही पौधों का फोटोग्राफ वायुदूत (अंकुर) ऐप पर अपलोड किए गए। इसके उपरांत वेरिफायर द्वारा समस्त रोपित पौधौ का वेरिफिकेशन वायुदूत एप के माध्यम से किया गया। श्रीमति तृप्ति गुरुदेव व्याख्याता द्वारा पौधों की देखभाल एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था भी की गयी। मनोहर पाटिल , कार्यपालन यंत्री एवं राज्य अंकुर कार्यक्रम नोडल अधिकारी तथा दिलीप चक्रवर्ती पर्यावरण शिक्षा अधिकारी पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन भोपाल ने प्रशंसा की।

## आगाज मिलेट्स मेला में लगी आयुर्वेर्दिक सौन्दर्य प्रसाधन की प्रदर्शनी







**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**

महिमा शर्मा ने बताया कि मिशन मिलेट्स प्रदर्शनी में जिला प्रशासन द्वारा जिले की पहली आयुष मंत्रालय लाईसेंस प्राप्त आयुर्वेदिक कंपनी जिष्णु अयुर्वेदा को आमंत्रित किया गया जहां कंपनी ने अपने 15 उत्पादों की विशाल श्रृंखला का प्रदर्शन किया। कंपनी का मूल सिद्धान्त प्रकृति से सौंदर्य है और इनके उत्पाद जड़ी बूटियों, फूलों और पत्तियों से बने होने के कारण पूरी तरह प्राकृतिक और हानिरहित हैं जो बालों और त्वचा को प्राकृतिक तरीके से संवारते हैं। फाऊंडर महिमा शर्मा ने अपनी अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता की नौकरी त्याग कर मोदी जी की "मेक इन इंडिया" और "स्टार्ट अप इंडिया" को चुनकर इस कंपनी की शुरुआत की और आज सम्पूर्ण भारत में इसके उत्पाद लोगों के जीवन को केमिकल की गुलामी से निजात दिला पुनः आयुर्वेद की और लौटा रहे हैं।

## मेंहदवानी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

## उपतहसील कार्यालय प्रांगण में हुआ मुख्य समारोह का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी**

विकास खंड मुख्यालय मेंहदवानी सहित समूचे क्षेत्र में 75वां गणतंत्र दिवस पर्व उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मेंहदवानी में सरपंच श्रीमती श्यामा भवेदी, जनपद पंचायत में अध्यक्ष रामप्रसाद तेकाम, पुलिस थाना मेंहदवानी में थाना प्रभारी प्रभु दास मोंगरे,उप तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार सुखमन सिंह कुलेश, उत्कृष्ट विद्यालय मेंहदवानी में बीईओ एच एस मसराम,वन परिक्षेत्र कार्यालय में वन परिक्षेत्र अधिकारी मनीष पटैल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदवानी में बीएमओ डॉ चन्द्रशेखर धुर्वे, विद्युत वितरण केन्द्र में जेई अनिल कोल सहित सभी शासकीय अशासकीय संस्थाओं में संस्था प्रमुखों के द्वारा तिरंगा झंडा फहराया गया। गणतंत्र दिवस पर मुख्य समारोह तहसील कार्यालय प्रांगण मेंहदवानी में आयोजित किया गया जहां तेजस्वनी नारी चेतना महिला संघ की सचिव श्रीमती रेखा पन्द्राम के द्वारा तिरंगा झंडा फहराया गया। इसके बाद समारोह में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा परेड की सलामी ली गई। समारोह में विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट के साथ ही झांकियों का प्रदर्शन किया गया जिसमें नंदिनी पब्लिक स्कूल के द्वारा राम मंदिर का प्रदर्शन किया गया। इसी तरह उत्कृष्ट विद्यालय मेंहदवानी के द्वारा भारत की आजादी में अपनी जान कुर्बान करने वाले महापुरुषों की झांकी का प्रदर्शन किया गया। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेंहदवानी के द्वारा स्वच्छ भारत एवं पेयजल की उपलब्धता और भविष्य की स्थिति के बारे में झांकी का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के आखिर में जनप्रतिनिधियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को पुरस्कार वितरित किया गया।

## शासकीय महाविद्यालय बजाग में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी**

शासकीय महाविद्यालय बजाग में हर्षोल्लास के साथ 75वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। गणतंत्र दिवस समारोह में प्राचार्य डॉ मनोज कुमार कुशवाहा के मार्गदर्शन में भाषण कार्यक्रम रखा गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों सहित विद्वानों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। प्राचार्य डॉ मनोज कुमार कुशवाहा ने 1950 में लागू भारतीय गणतंत्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह शक्ति पृथक्करण के सिद्धांत पर आधारित है तथा इसमें पूरे विश्व के देशों के संविधान से महत्वपूर्ण बातों का समावेश किया गया है। इस अवसर पर डॉ प्रियंका तिवारी, डॉ नंदिनी साहू,सतीष वर्मा, डॉ शैकेश साहू, अरविंद डहरिया सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। इस दौरान डिंडौरी जिले के पूर्व प्रभारी मंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री तथा वर्तमान के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा सम्मानित प्राचार्य डॉ मनोज कुमार कुशवाहा द्वारा इस क्षेत्र के विद्यार्थियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय बजाग में नए संकाय प्रारंभ करने की बात कही गई।

हरिभूमि
नर्मदा भूमि
10
जबलपुर, सोमवार 29 जनवरी 2024
login : www.haribhoomi.com
[ करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल ]

## खबर संक्षेप

### केन्द्रीय मंत्री कुलस्ते का आगमन आज

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते 29 जनवरी को जिले के प्रवास पर रहेंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री कुलस्ते सोमवार 29 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे भोपाल से प्रस्थान कर सायं 6.30 बजे जिले के गोटेगांव विकासखंड के ग्राम मानेगांव आएंगे और यहां खेलकूद प्रतियोगिता के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। इसके पश्चात केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री कुलस्ते रात्रि 8 बजे ग्राम मानेगांव से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### ईव्हीएम मशीन का एफएलसी कार्य आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के मद्देनजर ईव्हीएम मशीनों का एफएलसी कार्य 29 जनवरी 2024 को कराये जाने के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा निर्देशित किया गया है। ईव्हीएम वेयरहाउस नरसिंहपुर में सोमवार 29 जनवरी से बीईएल इंजीनियर द्वारा सम्पन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने श्रीमती शीतला पटले ने एफएलसी कार्य की व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं।

### विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**हरिभूमि न्यूज - करेली।** नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था कार्मेल विद्यालय में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर डॉ ए के तिवारी सेवानिवृत प्राचार्य शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बरमान का आगमन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण करके हुई। तदोपरांत छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम नाटक, हिंदी भाषण, संस्कृत भाषण, समूह गान, समूह नृत्य आदि प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में नागरिकों के मौलिक अधिकारों के बारे में बताया। प्राचार्य फादर वर्गिस ने स्मृति चिन्ह भेंटकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय में वार्षिक खेल खेलो कार्मेल का आयोजन हुआ जिसमें छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के खेलों में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। शाला प्रबंधक फादर स्टेनिन एवं फादर वर्गीस ने समस्त विजय छात्र.छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। समस्त प्रतियोगिताओं में विद्यालय के चारों हाउस रेड ग्रीन येलो ब्लूद्ध में से क्रमशः रेड हाउस ने प्रथम ब्लू हाउस ने द्वितीय और यलो हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खेल प्रतियोगिताओं के साथ.साथ खेल प्रदर्शनी का भी आयोजन हुआ ।

### किया भारत माता की महाआरती का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई द्वारा 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत माता की आरती एवं अखण्ड भारत के मानचित्र की रंगोली बनाकर 500 दीप प्रज्वलन किया गया। भारत माता की स्वतंत्रता के लिए अनगिनत क्रांतिकारियों, वीरों और वीरांगनाओं ने अपने प्राणों को बलिदान दिया। भारत का गणतंत्र इन्हीं बलिदानियों के बलिदान की देन है। इसलिए समाज को अपराध, भ्रष्टाचार से मुक्त बनाकर इस गणतंत्र को मजबूत बनाने में हर वर्ग के लोगों का योगदान जरूरी है। इसी संदेश को समाज में स्थापित करने हेतु अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा भारत माता की आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभाविप जिला संगठन मंत्री देवेन्द्र पनिका, जिला संयोजक कु. ओशी कुशवाहा, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य प्रियांशु तिवारी एवं बड़ी संख्या में छात्र एवं नागरिक उपस्थित थे।

### हर्षोल्लास से मनाया 75वां गणतंत्र दिवस

**हरिभूमि न्यूज - करेली।** महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 26 जनवरी को आजादी के अमृतकाल का 75 वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया ।

# भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

## इतिहास लिखने और साक्षी बनने का काम कर रहे भाजपा कार्यकर्ता: रास सांसद

रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में गांव चलो अभियान शक्ति वंदन महिला स्व सहायता समूह व एन.जी.ओ.संपर्क अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष इंजी. अभिलाष मिश्रा व मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी की उपस्थिति में सम्पन्न हुई ।

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर ।**





बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष इंजी. अभिलाष मिश्रा ने कहा कि गांव को विकसित किए बिना विकसित भारत के संकल्प को पूरा नहीं किया जा सकता विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए गांव का समग्र विकास जरूरी भाजपा गांव को विकसित बनाने के लिए राज्य सरकार के साथ साथ केन्द्र सरकार की गरीब कल्याण और जनहितैषी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए गांव चलो अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान में पार्टी कार्यकर्ता प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में 24 घंटे गांव में गुजारेगे। इस अभियान के माध्यम से पार्टी का 10 प्रतिशत वोट बढ़ाना व हारे हुए बूथों को जीतने की रणनीति बनाना है। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर भाजपा के प्रचार प्रसार हेतु दीवान लेखन का कार्य व प्रत्येक कार्यकर्ता को नमों ऐप डाउनलोड कराना है।

राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आगामी समय में होने वाले लोकसभा चुनाव के युद्ध में सभी कार्यकर्ता युद्धरत हो जायें विधानसभा चुनाव से बड़ी लड़ाई लोकसभा चुनाव की है। यह चुनाव भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए है। प्रत्येक मतदान केंद्र तक सरकार की योजनाएं पहुंचाने हेतु है गांव चलो अभियान की शुरूआत पार्टी नेतृत्व द्वारा की गई है।इस अभियान में सभी को प्राण प्रण से जुटना है। सरकार की जनकल्याण करी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिल सके इसके लिए उनका नाम शासन की योजनाओं में जुड़वाने का प्रयास कार्यकतार्ओं को करना है। वहीं उन्होने कार्यकतार्ओं से आव्हान करते हुए कहा कि आगामी तीन माह तक प्रत्येक कार्यकर्ता को अपना पूर्ण समय व परिश्रम का उपयोग पार्टी को विजय दिलाने हेतु लगाये। कार्यशाला में गांव चलो अभियान की विस्तृत कार्ययोजना की जानकारी जिला प्रभारी मुकेश मरैया व शक्ति वंदन महिला स्व सहायता समूह और एन.जी.ओ. संपर्क की आगामी कार्य योजना की जानकारी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष इंजी. निशा सोनी द्वारा दी गई।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री डॉ. हरगोविन्द पटेल व आभार जिला उपाध्यक्ष विनीत नेमा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री ठा.राजीव सिंह, जिला उपाध्यक्ष शंकर चौधरी, रमाकांत धाकड़, राहुल कौरव, संतोष पटेल, जिला मंत्री जयप्रकाश वर्मा, जिला कार्यालय मंत्री कमल सिंह जाट सहकार्यालय मंत्री शिशिर चरण दुबे, सोशल मीडिया प्रभारी श्रीकांत श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र पटेल, राजकुमार गुमास्ता, परषोत्तम पटेल, बृजेन्द्र पटेल, कीरत सिंह गुर्जर, कामता प्रसाद वर्मा, पियूष जैन, नीरज पैगवार रामस्नेही पाठक, ठाकुर राजेन्द्र सिंह, शिवदयाल खैरोनिया, वंदना पटेल, देवेन्द्र गंगोलिया, ठाकुर सिंह पटेल, मेरसिंह गुमास्ता, अमितेन्द्र नारोलिया, राकेश शर्मा, रोशन राजपूत, घनश्याम सरवैया सहित जिले भर से आये हुए पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्री गणेश देवस्थानम् सिद्धपीठ में मेले का आयोजन आज



## गणाध्यक्ष को लगेगा तिल के लड्डुओं का भोग, हरेंगें संकट

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर ।**

सनातन धर्म के वेद पुराणों में वर्णित है कि माघ मास की तिल संकटा चतुर्थी पर प्रथम पूज्य गणनायक के दर्शन व पूजन से भक्तों के संकट हरते हैं और मनोकामना पूरी होती है। इस बार 29 जनवरी सोमवार को हर वर्ष की तरह सुप्रसिद्ध श्रीगणेश देवस्थानम सिद्ध पीठ में तिल के लड्डुओं का विशेष भोग लगेगा व एक दिवसीय मेला भी भरेगा। आयोजन के व्यवस्थापक पं. शैलेष पुरोहित ने बताया कि सूर्योदय के बाद गणाध्यक्ष का विधि-विधान से अभिषेक किया जाएगा। इसकी शुरुआत सिद्वपीठ के संस्थापक स्वर्गीय पं. कृष्णकुमार जी पुरोहित ने तीन दशक पहले की थी।

### होगा आकर्षक श्रृंगार

इस दिन गौरी सुत का विशिष्ट श्रृंगार किया जाएगा। इसमें नए वस्त्र के अलावा चांदी के मुकुट, कुंडल व छत्र, सोने का तिलक आदि लगाकर विशिष्ट आव्हान किया जाएगा। इसके अलावा 25 फिट ऊंची धर्म ध्वजा भी फहराई जाएगी।

### पूरे दिन खुला रहेगा मंदिर

आयोजन समिति के किशन सेठ, वरिष्ठ पत्रकार संजय जैन,इंजी.एमएस ठाकुर, आशीष सोनकिया, अजय साहू,अजय गिरदौनिया, महेश रजक, अभिषेक रेजा, अखिलेश साहू, संजय, राहुल व रोहित मेहरा, पप्पू पटेल, पवन नेमा, मोहित सराठे, सूरज पटेल, सुरेश पटेल, आकाश रजक सहित सिद्धिविनायक आरती मंडल के सदस्यों ने बताया कि त्योहार में दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए पूरे दिन मंदिर खुला रहेगा।

### दर्शन से मिटेंगे संकट

आचार्य कृष्णकांत उदेनिया ने बताया कि पुराणों के अनुसार तिल चतुर्थी पर प्रथम पूज्य के भक्ति भाव से दर्शन, पूजा-पाठ व व्रत करने से तिल के बराबर भी संकट समाप्त होते है। इसलिए बडी संख्या में श्रद्वालु मंदिर पहुंचते है। कार्यक्रम में आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए जिला प्रशासन, पुलिस अधीक्षक, नगर पालिका व एमपीईबी से अपील की गई है।

# सुंदरकांड के नियमित पाठ से जीवन में होता है सकारात्मक ऊर्जा का संचार



**हरिभूमि न्यूज - करेली।**

सुंदरकांड का पाठ करने से व्यक्ति को जीवन में कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिलते हैं। जो भी व्यक्ति प्रतिदिन सुंदरकांड का पाठ करता है उसकी एकाग्रता और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। सुंदरकांड का पाठ करने से व्यक्ति के अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। ऐसे में उसके द्वारा किए जाने वाले किसी भी काम का परिणाम हमेशा सकारात्मक ही मिलता है, इसलिए प्रत्येक धर्मानुरागी जन को सुंदरकांड का पाठ अवश्य करना चाहिए। यह बात अतिथियों ने ओंकार देवी विद्यापीठ के परिसर में आयोजित सुंदरकांड पाठ के आयोजन के दौरान कही। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक सत्यप्रकाश परिहार की उपस्थिति में भगवान श्रीराम दरबार का विधिवत पूजन अर्चन करते हुए सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया। करीब तीन घंटे तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान में रेवा महिला मंडल की महिलाओं ने वाद्य यंत्रों के साथ सुंदरकाड पाठ का गायन किया। वहीं गायक कलाकारों द्वारा पाठ के मध्य में भगवान श्रीराम की भक्ति से ओतप्रोत भजनों की मधुर प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें हारमोनियम की संगत पर तेरी मंद मंद मुस्कनिया पर बलिहार राघव जी की प्रस्तुति ने श्रोताओं के बीच भक्तिमय वातावरण निर्मित कर दिया। सुंदरकांड पाठ की पूणार्हुति पर राम दरबार की मंगल आरती की गई और उपस्थित जनों को प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर रामरतन पटेल,बृजमोहन चोकसे, गोपाल दास मरेल,मनमोहन सिंह सोलंकी,बृजेश कुमार परिहार संतोष कुमार पटेल,शकील अहमद कुरैशी,बब्लू पटेल, मनोज कुमार ठाकुर, राजकुमार पटेल, गुड्डा सोनी,खूबचंद पटैल, अम्बिका प्रसाद पटेल,इंद्रजीत सिंह परिहार,सरदार बब्लू भाई,हाकम सिंह श्रीवास सहित अन्य सैकड़ों धर्म प्रेमी ने उपस्थित रहे।

# वीरांगना क्लब का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।**

गत दिवस वीरांगना क्लब का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। डा मंगला पराडकर, डॉ राजश्री पटेल, डॉ सरिता अग्रवाल की उपस्थिति मे एरिया ऑफिसर लीनेस अर्चना राय ने शपथ दिलाई, गरिमामय सदन मे सभी कार्यकारिणी ने शपथ ली सामाजिक कार्यो को सभी मिलकर करेंगे । सभी की सहमति से पुनः अध्यक्ष से लीनेस श्रीमती पूनम जैन , सचिव लीनेस पूनम धुर्वे कोषाध्यक्ष लीनेस रजनी राजोरिया संरक्षक लीनेस रूप कला कटारे लीनेस शोभा पाल लीनेस ममता नामदेव उपाध्यक्ष लीनेस सीमा स्थापक व्दितीय उपाध्यक्ष मंजुषा सेन तृतीय उपाध्यक्ष सविता महोविया,सह सचिव प्रीति सोनी, सह कोषाध्यक्ष,सोनम नामदेव बनी । क्लब द्वारा किए गए श्रेष्ठ सामाजिक कार्यो के लिए एरिया एवं डिसट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस द्वारा प्रदान किए गए। सभी विशिष्ठ अतिथियों को स्मृति चिन्ह श्रीफल देकर सम्मान किया । पत्रकार नीलेश जाट , वारिश बाजपेयी एवं फोटोग्राफर संजय राय का स्मृति चिन्ह श्रीफल सम्मान स्वरूप प्रदान किए । कार्यक्रम में विनीता जैन विनीता चौरसिया ज्योत्सना राय,प्रीति राय रंजना नायक,रजनी सिंघई, स्मिता श्रीवास एवं नये सदस्यों ने क्लब की सदस्यता ग्रहण की विशिष्ठ अतिथि डा. राजश्री पटेल ने भी क्लब की सदस्यता ग्रहण की।



# प्रेस चौराहा पर अनुज ने झंडा फहराया

**हरिभूमि न्यूज - करेली।**

75 वे गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर आन बान शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज को फहरायो गया और सलामी दी गई 'पुलिस थाना करेली में थाना प्रभारी आशीष धुर्वे द्वारा , प्रेस चौराहा पर प्रेस परिषद करेली के अध्यक्ष अनुज ममार ने, सुभाष मैदान में नगर पालिका करेली के उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता सुरेंद्र मोहन नेमा, सब्जी बजरिया में व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष विजय नेमा ने ध्वजारोहण किया गणतंत्र दिवस पर हरि विष्णु कामथ स्टेडियम में सांस्कृतिक आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मिश्रा, के साथ-साथ आमंत्रित अतिथियों के साथ-साथ शहर के पार्षद उपस्थित रहे कार्यक्रम के पूर्व प्रेस चौराहा पर अनुज ममार ने झंडा फहराया प्रेस चौराहा के इस कार्यक्रम का संचालन प्रेस परिषद करेली के पूर्वअध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने किया तथा आभार कोषाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने किया समरसता स्मारक पर वरिष्ठ समाजसेवी अमोल यादव के द्वारा ध्वजा रोहण किया गया शहर के विभिन्न स्थान पर भी झंडा फहराया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में विभिन्न विद्यालय के विद्याथीर्यों के साथ-साथ शिक्षक , शिक्षकाए उपस्थित रहे।